पेज थ्री देहरादून

रमा गोयल बनी भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष।

देहरादून शुक्रवार 23 अक्टूबर 2020





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने किया नई दिल्ली में निर्माणाधीन भवन "उत्तराखण्ड निवास" का निरीक्षण

**प्रथम पेज का शेष..** इसका अपना सीवेज सोधन संयत्र होगा। भवन में 50 किलो वाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट भी है। भवन का वास्तविक निर्माण कार्य दिनांक जून 2020 से प्रारम्भ किया गया। भवन को माह दिसम्बर 2021 तक पूर्ण कर दिया जायेगा तथा रंगरोगन, फिनिशिंग का काम मार्च 2022 तक पूरा किया जाना है। सभी जरूरी स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई है। इस दौरान मुख्य सचिव ओमप्रकाश, विशेष सचिव मुख्यमंत्री डॉ. पराग मधुकर धकाते, इंजीनियर वीसी पुरोहित, प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, इला गिरी अपर स्थानिक आयुक्त, रंजन मिश्रा वरिष्ठ व्यवस्था अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रमा गोयल बनी भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी एक गैर राजनैतिक संगठन है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को बढ़ावा ओर मूर्ति रूप देना है। यह संगठन पूरे भारत वर्ष में काम कर रहा है ओर लगभग सभी प्रांतों में इसकी शाखाएं हैं। विष्णु सिंह जादौन इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष है।

### प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शुरू किया क्रमिक अनशन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड शिक्षा विभाग द्वारा डायटों से द्विवर्षीय डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षित बेरोजगारों का शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा में धरना प्रदर्शन 25 वें दिन भी जारी रहा और सरकार व विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया ओर आज राज्य आंदोलनकारी व वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र जुगरान ने डायट डीएलएड प्रशिक्षितों को धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। वहीं प्रशिक्षितों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। जुगरान ने कहा कि विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया और अब विभाग ही अपने प्रशिक्षितों को नियुक्ति देने में नजरअंदाज कर रहा है।

### श्रम विभाग की साइकिलें, सिलाई मशीन, टूल किट आई थी हवाई मार्ग सेः नेगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि श्रम विभाग के भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के घोटालों का पर्दाफाश मोर्चा द्वारा सबसे पहले जनवरी 2020 में किया गया था और इसी क्रम में मोर्चा द्वारा जनवरी 2020 में मुख्य सचिव से मिलकर घटिया सामान व वितरण में हुई अनियमितता को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी तथा राजभवन से मार्च 2020 में सीबीआई जांच का आग्रह किया था।

# सीमा को अभेद बनाने में जुट गई वायु सेना

**मुस्तैद**

■ विमान एएन–32 ने पांच पर सुरक्षित लैंडिंग की और टेकऑफ किया

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की चीन सीमा पर सुरक्षा की चौकसी को लेकर वायु सेना ने चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपनी गतिविधि बढ़ा दी है। गुरुवार को वायु सेना का मल्टीपरपज विमान एएन–32 ने पांच पर सुरक्षित लैंडिंग की और टेकऑफ किया। सूत्रों के अनुसार चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी को अस्थाई रूप से वायु सेना एयरबेस बनाने की कवायद में है। लेकिन, अभी अंतिम निर्णय वायु सेना की ओर से नहीं लिया गया है। चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर 29 अक्टूबर को एयर मार्शल के आने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

भारत–चीन सीमा पर लद्दाख में चीन सेना की घुसपैठ के बाद बढ़े गतिरोध के बीच भारतीय सेना और वायु सेना अलर्ट मोड पर है। सीमा को अभेद बनाने के लिए वायु सेना अभ्यास में जुट गई है। गुरुवार को चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर वायु सेना का एएन–32 विमान को उतरा। करीब सात बार लैंडिंग और सात बार टेकऑफ किया। बताया जा रहा है कि यह मल्टीपरपज विमान आगरा एयर बेस से चिन्यालीसौड़ पहुंचा। रनवे का परीक्षण करने के लिए पायलट दल ने आसमान में चक्कर भी लगाया। पायलट दल ने रनवे को सुरक्षित लैंडिंग के लिए मुफीद पाया है। यह भी बताया जा रहा है कि वायु सेना चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी को अस्थाई रूप से एयर बेस बना सकती है। इसके लिए 20 अक्टूबर को वायु सेना की टीम हेलीकॉप्टर के जरिये चिन्यालीसौड़ पहुंची, जहां वायु सेना की टीम ने हवाई पट्टी पर मौजूद सुविधाओं के अलावा हवाई पट्टी के निकट उत्तराखंड जल विद्युत निगम के गेस्ट हाउस को भी देखा। बताया जा रहा है कि अभी वायु सेना की ओर से अस्थाई एयर बेस को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।



**पूर्वी लद्दाख में चीन ने की ओर से हुई थी हिंसक झड़पः** गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की ओर से की गई हिंसक झड़प के बाद से सीमांत जनपद उत्तरकाशी के बॉर्डर पर भी सेना अलर्ट हो आ गई। चीन को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सेना तैयार है। उत्तरकाशी जिले में भी सेना किसी तरह की चूक नहीं चाहती है। भारत–चीन की 345 किलोमीटर लंबी सीमा उत्तराखंड में है। इसमें उत्तरकाशी में करीब 122 किलोमीटर लंबी सीमा है। इस सीमा पर चौकसी की जिम्मेदारी आइटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) के पास है।

### पार्किंग चार्ज के नाम पर बंद करें जनता व पर्यटकों का उत्पीड़न

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने नगर निगम के नगर आयुक्त से सरकारी पार्किंग स्टैंडों को जनहित कार्य में निःशुल्क किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है और कहा कि जल्द ही इस दिशा में कार्यवाही नहीं की गई तो सड़कों पर उतरकर कांग्रेसजन आंदोलन करेंगें। पूर्व विधायक राजकुमार ने नगर निगम के नगर आयुक्त को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि सरकारी पार्किंग स्टैंड जो नगर निगम के अंतर्गत आते हैं वह हमेशा से कांग्रेस शासन में जनहित कार्य में निःशुल्क सेवा में कार्यरत थे, परन्तु वर्तमान सरकार द्वारा नगर निगम के अंतर्गत आने वाले राजपुर रोड पार्किंग स्टैंड, गांधी पार्क पार्किंग स्टैंड, दिलाराम बाजार पार्किंग स्टैंड, क्वालिटी पार्किंग स्टैंड, चकराता रोड पार्किंग स्टैंड, बल्लूपुर चौक फ्लाई ओवर पार्किंग स्टैंड, आईएसबीटी पार्किंग स्टैंड, कुमार स्वीट शॉप घन्टाघर पार्किंग स्टैंड, पटेल पार्क पार्किंग स्टैंड, तहसील पार्किंग स्टैंड आदि में पुनः पार्किंग चार्ज लगा दिया गया है जिस कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

# कांग्रेसजनों ने फूंका राज्य सरकार का पुतला

**विरोध**

■ आंदोलनकारियों व शहीदों के अपमान का किया विरोध

देहरादून। **संवाददाता**

आंदोलनकारियों व शहीदों का अपमान किये जाने व धार्मिक स्थल तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में इकटठा हुए और वहा से आंदोलनकारियों व शहीदों का अपमान किये जाने व धार्मिक स्थलों को तोडे जाने के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एस्ले हॉल चौक पहुंचे और वहां पर पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा राज्य की सत्ता में रहते हुए राज्य निर्माण आन्दोलनकारियों का लगातार अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में चलाये जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के नाम पर ऋषिकेश में कई धार्मिक स्थलों के साथ–साथ शहीद स्मारक को तोड कर राज्य आन्दोलन के शहीदों का अपमान किया गया है जिसकी कांग्रेस पार्टी कडे शब्दों में निन्दा करती है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलनकारियों व शहीदों का अपमान है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।



इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि पहले भाजपा ने राज्यवासियों को राजधानी के नाम पर ठगने का काम किया और अब राज्य के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आन्दोलनकारियों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि अब ऋषिकेश स्थित शहीद स्मारक को तोडने के राज्य सरकार के फैसले से उत्तराखण्डवासी काफी आहत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों का अपमान कांग्रेस पार्टी कतई सहन नहीं करेगी तथा इसका सडकों पर उतर कर विरोध करेगी।

### सरकार व परिवहन निगम पर गरजी यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। निष्कासित किये गये चालकों व परिचालकों की बहाली व सात माह से रूका वेतन न दिये जाने के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल देहरादून महानगर इकाई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दून मे हरिद्वार रोड स्थित रोडवेज वर्कशॉप पर भी उत्तराखंड क्रांति दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रोडवेज कर्मियों के साथ धरना प्रदर्शन किया तथा सरकार तथा उत्तराखंड परिवहन निगम के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर कहा कि शीघ्र ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन तेज किया जायेगा। यहां दल के कार्यकर्ता केन्द्रीय महामंत्री शांति प्रसाद भट्ट व शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में हरिद्वार रोड स्थित रोडवेज की वर्कशॉप में पहुंचे और रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के साथ मिलकर चालकों व परिचालकों की बहाली व सात माह का वेतन दिये जाने की मांग को लेकर वहां पर जमकर प्रदर्शन किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।